करियर

## 35 छात्र प्लेसमेंट ड्राइव में हुए शामिल, कुलपति प्रो श्रीवास्तव ने छात्रों को दी शुभकामनाएं

# विवि में कैंपस इंटरव्यू आयोजित, चार छात्रों का चयन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जगदलपुर . शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने सोमवार को विश्वविद्यालय के एमबीए अध्ययनशाला भवन में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया। इसमें चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने 35 छात्रों का इंटरव्यू लिया। कैंपस इंटरव्यू में शामिल होने वाले छात्र अलग-अलग विभागों के थे, जिनमें से चार छात्रों का चयन कंपनी ने किया। दो छात्रों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते विवि के कुलपति।


विवि की छात्रा का इंटरव्यू लेते कंपनी के अधिकारी।

इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो रहे छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उम्मीद है कि छात्रों के हित में आगे भी इसी तरह के आयोजन होंगे, ताकि विश्वविद्यालय के छात्रों को अलग-अलग संस्थानों में रोजगार मिल सके। इसी क्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. स्वपन कुमार कोले ने कंपनी के संबंध में जरूरी जानकारी दी। कंपनी के जोनल टैलेंट मैनेजर अमन कुमार, रीजनल बिजनेस मैनेजर सुभाशीष डे, एरिया सेल्स मैनेजर संदीप कर एवं रितेश कुमार ने भी छात्रों को कंपनी के बारे में बताया। कंपनी की एचआर मैनेजर स्मिता वैष्णव ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को कंपनी के उद्देश्य और कंपनी के काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विवि के सहायक कुलसचिव एवं जनसंपर्क अधिकारी सीएल टंडन, शिक्षा अध्ययनशाला के शिक्षक डॉ. सोहन कुमार मिश्रा, एमबीए अध्ययनशाला के शिक्षक डॉ. निलेश तिवारी, डॉ. अनुरोध बनोदे, डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा, रश्मि देवांगन, ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला के शिक्षक दिलेश जोशी, जर्नलिज्म डिपार्टमेंट से केशव तिवारी, आकाश मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रानी मैथ्यू ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

## चोलामंडलम कंपनी द्वारा लिया गया विद्यार्थियों का इंटरव्यू

# शमक विवि में कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन



**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एमबीए अध्ययनशाला भवन में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया, जिसमें चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अधिकारी डॉ स्वप्न कुमार कोले सहित चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अनेक अधिकारी, विश्वविद्यालय के एमबीए एवं बीएड अध्ययनशाला के शिक्षक एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कैंपस इंटरव्यू के आयोजन में एमबीए एवं बीएड अध्ययनशाला के शिक्षकों तथा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों का सहयोग रहा।


कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


Scanned with OKEN Scanner

# विश्वविद्यालय में कैंपस इंटरव्यू आयोजित, चोलामंडलम कंपनी में 4 छात्रों का चयन

- अलग-अलग विभागों के 35 छात्र प्लसमेंट ड्राइव में हुए शामिल
- कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को दी शुभकामनाएं




अमन पथ न्यूज

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लसमेंट सेल ने सोमवार को विश्वविद्यालय के एमबीए अध्ययनशाला भवन में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया। इसमें चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने 35 छात्रों का इंटरव्यू लिया। कैंपस इंटरव्यू में शामिल होने वाले छात्र अलग-अलग विभागों के थे, जिनमें से चार छात्रों का चयन कंपनी ने किया। दो छात्रों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान प्लसमेंट ड्राइव में शामिल हो रहे छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लसमेंट सेल छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उम्मीद है कि छात्रों के हित में आगे भी इसी तरह के आयोजन होंगे, ताकि विश्वविद्यालय के छात्रों को अलग-अलग संस्थानों में रोजगार मिल सके। कुलपति ने प्लसमेंट के लिए आए कंपनी के अधिकारियों से कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ ही यहां की फैकल्टी के अनुभव का लाभ भी आप ले सकते हैं।

इसी क्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. स्वपन कुमार कोले ने कंपनी के संबंध में जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्लसमेंट सेल लगातार छात्रों को रोजगार उपल्ध करवाने और उनके टैलेंट को मंच देने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी के जोनल टैलेंट मैनेजर अमन कुमार, रीजनल बिजनेस मैनेजर सुभाशीष डे, एरिया सेल्स मैनेजर संदीप कर एवं रितेश कुमार ने भी छात्रों को कंपनी के बारे में बताया।

कंपनी की एचआर मैनेजर स्मिता वैष्णव ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को कंपनी के उद्देश्य और कंपनी के काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विवि के सहायक कुलसचिव एवं जनसंपर्क अधिकारी सीएल टंडन, शिक्षा अध्ययनशाला के शिक्षक डॉ. सोह कुमार मिश्रा, एमबीए अध्ययनशाला के शिक्षक डॉ. निलेश तिवारी, डॉ. अनुरा बनोदे, डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा, रश्मि देवांगन, ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाल के शिक्षक दिलेश जोशी, जर्नलिज्म डिपार्टमेंट से केशव तिवारी, आका मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रानी मैथ्यू किया।

Scanned with OKEN Scanner




# विश्वविद्यालय में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एमबीए अध्ययनशाला भवन में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। जिसमें चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के स्टाफ द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अधिकारी डॉ. स्वप्न कुमार कोले, विश्वविद्यालय के एमबीए एवं बीएड अध्ययनशाला के शिक्षक एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कैंपस इंटरव्यू के आयोजन में एमबीए एवं बीएड अध्ययनशाला के शिक्षकों तथा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों का सहयोग रहा।

Scanned with OKEN Scanner